INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (3rd Lang)	Date of submission:
प्रश्नोत्तर,व्याकरण	**Topic: फूलों से नित हँसना सीखो-** लिंग, विलोम, पर्याय, वाक्यांश	**Note: Pls. write in your Hindi note book**

अति लघु प्रश्न

प्र.1- तरु की डालियाँ क्या सीख देती हैं?

उ- तरु की डालियाँ **विनम्र रहने की** सीख देती हैं|

प्र.2-लता और पेड़ क्या सीख देते हैं?

उ- लता और पेड़ **सबको गले लगाने की** सीख देते हैं|

प्र.3- पृथ्वी क्या सीख देती है?

उ- पृथ्वी **सबकी सच्ची सेवा करने की** सीख देती है|

लघु प्रश्नोत्तर

प्र.1- दीपक से हम क्या सीख सकते हैं?

उ- दीपक से हमें सीख मिलती है कि खुद का नुकसान सहकर भी दूसरों को ख़ुशी देनी चाहिए अर्थात दूसरों के जीवन में रोशनी फैलानी चाहिए|

प्र.2- धुएँ से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

उ- धुएँ से हमें प्रेरणा मिलती है कि जीवन में हमेशा ऊँचाई की ओर बढ़ते रहना चाहिए अर्थात कभी पतन की ओर नहीं जाना चाहिए|

प्र.3- नदियों की जलधारा हमें क्या सिखाती है?

उ- नदियों की जलधारा हमें सिखाती है कि रास्ते में आनेवाली बाधाओं की परवाह किए बिना हरदम हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए |

प्र.4- सूरज की किरणों से हम क्या सीख सकते हैं?

उ- सूरज की किरणों से हम सीख सकते हैं कि स्वयं समय से जागना चाहिए और दूसरों को भी समय से जगाना चाहिए |

दीर्घ प्रश्नोत्तर

प्र.1- मछली का मातृभूमि प्रेम किस प्रकार प्रकट होता है तथा इससे हमें क्या सीख मिलती है?

उ- मछली अपनी मातृभूमि से अर्थात जल से अलग होकर प्राण त्याग देती है इससे स्पष्ट है कि वह अपनी मातृभूमि से बहुत प्रेम करती है| इस प्रकार हमें भी मातृभूमि से प्रेम करने की सीख देती है |

प्र.2- पतझड़ के पेड़ 'दुख में धीरज रखने की सीख' कैसे देते हैं?

उ- पतझड़ में पेड़ के लगभग सारे पत्ते गिर जाते हैं|फिर भी पेड़ दुखी नहीं होता है| धैर्यपूर्वक आने वाले मौसम का इंतजार करता है| अगले मौसम में उस पर नए पत्ते आ जाते हैं फिर से हरियाली आ जाती है| इसी तरह हमें भी मुसीबत में धैर्य रखना चाहिए| विश्वास रखना चाहिए कि जीवन में फिर से सुख आएगा|

प्र.3- सबसे प्रेम करने की सीख कौन देता है?

उ- सबसे प्रेम करने की सीख वर्षा की बूँदें देती हैं | वे बिना किसी भेदभाव के हर जगह अपना जल बिखेरती हैं उसी प्रकार हमें भी सबसे प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिए |

प्र.4 - सब पर मेहँदी की तरह अपना रंग चढ़ाने का क्या अर्थ है?

उ- सब पर मेहँदी की तरह अपना रंग चढ़ाने का अर्थ है कि हमें अपनी अच्छाइयों से दूसरों को प्रभावित करना चाहिए तथा दूसरों के व्यवहार को बदल देने की क्षमता रखनी चाहिए|

प्र- निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए|

	स्त्रीलिंग	पुल्लिंग
1-	गाय	बैल
2-	शेरनी	शेर
3-	नारी	नर
4-	शिक्षिका	शिक्षक
5-	नायिका	नायक
6-	हिरनी	हिरन
7-	महिला	पुरुष
8-	मोरनी	मोर

प्र- निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए|

1. हँसना x रोना
2. कोमल x कठोर
3. जगना x सोना
4. प्रेम x घृणा
5. स्वदेश x विदेश
6. दुख x सुख
7. मरना x जीना
8. पृथ्वी x आकाश

प्र- निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए|

1. फूल- सुमन, पुष्प
2. सूरज- रवि, सूर्य

3. पानी - जल , नीर

4. हवा- वायु, पवन

5. पेड़- वृक्ष , तरु

6. मछली - मीन, मत्स्य

प्र- दिए गए वाक्यांशों के लिए एक एक शब्द लिखिए|

1. दो बार जन्म लेने वाला - द्विज

2. साथ चलने वाला- सहचर

3. जिसका कोई आकार न हो- निराकार

4. जिसका कोई आकार हो- साकार

5. शाक-सब्जी खाने वाला - शाकाहारी

6. शिक्षा देने वाला - शिक्षक

7. दया करने वाला - दयालु

8. साथ पढ़नेवाला - सहपाठी

9. जो कभी न मरे - अमर

10.जो कभी बूढ़ा न हो - अज़र

---000---